कार्यालय– जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर स्थान पडरौना।

सर्वसाधरण के सूचनार्थ

सर्वसाधरण का सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेशानुसार जजशिप कुशीनगर के मुख्यालय व बाह्य न्यायालय, कसया में कम्प्यूटर कक्ष में ई–सेवा केन्द्र के संचालन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है।

उक्त सेवा केन्द्र के माध्यम से संबंधित वादकारीगण निम्नलिखित सेवाऐं प्राप्त कर सकते हैं।

1. प्रकरण की स्थिति, सुनवाई की आगामी तिथि व अन्य विवरण की जानकारी।
2. प्रमाणित प्रतिलिपियों के लिये ऑनलाईन आवेदन करने में सहायता।
3. प्रकरणों की ई–फाइलिंग में सहायता।
4. न्यायालय शुल्क के ऑनलाईन भुगतान में सहायता।
5. ई–कोर्ट्स सर्विसेस एप के बारे में जानकारी।
6. विडियो कॉन्फ्रेसिंग की जानकारी व सहायता ।
7. न्यायाधीशों के अवकाश पर होने के बारे में जानकारी।
8. निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी ।
9. विशेष न्यायालय के स्थान उसकी वाद सूची और क्या मामला है, के बारे में जानकारी प्रदान करना।
10. ई–कोर्ट परियोजना के अंतर्गत डिजिटल रूप से उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में एवं अन्य सभी प्रश्नों के उत्तर देने में सहायता प्रदान करना |
11. ईमेल, व्हाट्सएप या किसी अन्य के माध्यम से न्यायिकआदेशों/निर्णय की ऑनलाइन ई–मेल प्रति प्राप्त करें।

ई–सेवा केन्द्र के संचालन हेतु जजशिप कुशीनगर के मुख्यालय पर श्री रोहित कुमार, टेक्निकल मैन पावर (मोबाईल/व्हाट्सऐप नं०–7398927718) एवं बाह्य न्यायालय, कसया पर श्री विजय कुमार दूबे, टेक्निकल मैन पावर (मोबाईल/व्हाट्सऐप नं०–9264955392) को नियुक्त किया जाता है। ई–सेवा केन्द्र के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी उपरोक्त मोबाईल नम्बरों अथवा नोडल आफिसर (मोबाईल नं०–9415341884)/मो० सरफराज खान, सिस्टम आफिसर (मोबाईल नं०–9125486440) पर सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

तदनुसार अनुपालन हेतु सभी संबंधित सूचित हों।

दिनांक/कुशीनगर
सितम्बर 27, 2021

(अशोक कुमार सिंह, एच.जे.एस.)
जनपद न्यायाधीश,
कुशीनगर स्थान पडरौना।

पत्रांक – 311 (VIII) / ई-सेवा / 27.09.2021

प्रतिलिपि निम्निलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1– जिलाधिकारी, कुशीनगर।
2– पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर।
3– अध्यक्ष/मंत्री, जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, कुशीनगर स्थान पडरौना ।
4– अध्यक्ष/मंत्री, कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, कसया, कुशीनगर ।
5– सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर को व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित ।
6– उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, पडरौना/हाटा/कसया/तमकुहीराज/कप्तानगंज/खड्डा।
7– जिला सूचना अधिकारी, कुशीनगर को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।
8– सिस्टम आफिसर, कम्पयूटर अनुभाग, जजशिप कुशीनगर को जनपद न्यायालय कुशीनगर की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

दिनांक/कुशीनगर
सितम्बर 27, 2021

27.9.21
(अशोक कुमार सिंह, एच.जे.एस.)
जनपद न्यायाधीश,
कुशीनगर स्थान पडरौना।

District Judge
Kushinagar at Padrauna (U.P.)